राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने श्रीगंगानगर स्थित ऐतिहासिक हिंदुमलकोट चौकी का किया निरीक्षण

सैनिकों से संवाद कर उनकी राष्ट्र रक्षा की प्रतिबद्धता की सराहना की

आंतरिक सुरक्षा बैठक ली

ड्रोन द्वारा नशीले पदार्थ भेजे जाने पर कड़ी निगरानी रखने के दिए निर्देश

जयपुर/श्रीगंगानगर, 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को श्रीगंगानगर स्थित ऐतिहासिक हिंदुमलकोट चौकी और सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने भारत—पाकिस्तान सीमा की इस महत्वपूर्ण चौकी से सरहद क्षेत्र का अवलोकन करते हुए वहां तैनात बीएसएफ के जवानों से संवाद भी किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी रातकृदिन निरंतर मुस्तैद रहकर देश की रक्षा करने की उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के लिए उनका अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने हिंदुमलकोट बोर्डर पर तैनात सैनिकों से संवाद करते हुए सीमा की चौकसी से जुड़ी चुनौतियों और अन्य रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने जवानों में जोश जगाते हुए उनके जज्बे और हौसले की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी देश के सुरक्षा प्रहरी ही नहीं हैं बल्कि राष्ट्र की अखंडता व एकता के भी प्रतीक हैं।

राज्यपाल ने बीएसएफ के जवानों द्वारा चौकी पर किए गए सौंदर्यीकरण, हेरिटेज वॉल और हरे—भरे परिसर के कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने वहीं वार म्यूजियम भी देखा।

उन्होंने हिंदुमलकोट गांव के प्राचीन अवशेषों और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी इमारतें देखी। उन्हें बताया गया कि विभाजन से पहले यह क्षेत्र बड़ा व्यापारिक केंद्र था। पुरानी रेल की पटरियां, रेलवे स्टेशन के बारे में भी बताया गया।

आंतरिक सुरक्षा बैठक

श्री बागडे ने बाद में वहीं बॉर्डर पर आंतरिक सुरक्षा समन्वय बैठक भी ली। उन्होंने इस दौरान हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकड़े जाने वाले नशीले पदार्थों, अवैध हथियारों की चर्चा करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर चौकसी जितनी जरूरी है, उतना ही आवश्यक यह है कि हमारे यहां आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को भी रोका जाए। उन्होंने बीएसएफ और पुलिस प्रशासन को संयुक्त रूप से मिलकर सीमाकृपार से ड्रोन द्वारा हेरोईन और अन्य चीजें भेजे जाने पर पूरी निगरानी रखने और स्थानीय लोगों से सतत सम्पर्क में रहते हुए आंतरिक सुरक्षा में बाधक विषयों पर सजग रहते हुए कार्य करने पर जोर दिया।

——————

PLEASE EXAMINE YOUR TICKETS & CHANGE
BEFORE LEAVING THE BOOKING WINDOW
टिकट घर
BOOKING OFFICE टिकट घर

HINDUMALKOT
हिन्दुमलकोट


FIRST LINE OF DEFENCE

WAR TIME PHOTOS

SHQ BSF
SRI GANGANAGAR


DRONAAM

BSF
5.56 MM INSAS RIFLE
5.56 MM INSAS LMG